moneybhaskar.com
फ़ायदे की सोच

हैवेल्स ने नकली प्रोडक्ट को पकड़ने के लिए दिल्ली में मारा छापा

INDUSTRY TEAM

Jun 23,2015 07:20:00 PM IST

नई दिल्ली। हैवेल्स ग्रुप और दिल्ली पुलिस की आर्थिक दंडात्मक शाखा ने भागीरथ पैलेस दिल्ली और कंझावला रोड पर छापा मारा है। इन बाजारों में हैवेल्स और स्टैंडर्ड ब्रांड नेम के नाम के तहत प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग और बिक्री दोनों हो रही है।

हैवेल्स और दिल्ली पुलिस ने भागीरथ पैलेस दिल्ली में मौजूद प्रकाश इलेक्ट्रिक कंपनी (दूकान और गोदाम) और कंझावला रोड (मैन्युफैक्चरिंग यूनिट) पर छापा मारा है। पुलिस ने नकली प्रोडक्ट्स के अलावा कच्चे माल, पैकेजिंग मैटिरियल, स्क्रीन प्रिंटिंग इक्यूप्मेंट आदि को जब्त किया है। ये प्रोडक्ट्स हैवेल्स के ट्रेडमार्क के तहत बने हैं।

दिल्ली कोर्ट पहले ही हैवेल्स को जाना माना ब्रांड घोषित कर चुका है जिसका इस्तेमाल कंपनी के अलावा और कोई नहीं कर सकता। यह छापा तब मारा गया जब हैवेल्स को पता कि कुछ ट्रेडर्स और मैन्युफैक्चर्स कंपनी के नाम पर नकली प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग, मार्केटिंग, पैकेजिंग और सेलिंग कर रहे हैं।

Source: https://money.bhaskar.com/news/MON-UPD-havells-conducts-raids-at-bhagirath-palace-and-kanjhawala-road-in-delhi-5030989-NOR.html